पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्युत इकाइयों की स्थापना

79. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगला देश से प्राकृतिक गैस का आयात करके देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्युत उत्पादन इकाइयों की स्थापना करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने प्राकृतिक गैस के आयात के संबंध में बंगलादेश सरकार के साथ विचार विमर्श किया है ;

(ग) यदि हां, तो ऐसा विचार विमर्श कब किया गया था; और

(घ) इस संबंध में बंगलादेश सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्राकृतिक गैस के आयात पर बंगलादेश की सरकार के साथ कोई प्रत्यक्ष विचार विमर्श नहीं किया गया है ।

(घ) उपर्युक्त (ख) और (ग) की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता ।

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग का उत्पादन लक्ष्य

80. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी
सुरेश कलमाडी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17 जून, 1992 के "फाइनेन्सियल एक्सप्रेस" में "ओ एन जी सी प्रोडक्शन टारगेट स्लैशड् बाई 10 परसेन्ट' शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि हाल ही में सरकार तथा तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसके अधीन 1992-93 के लिए देश में कच्चे तेल के उत्पादन का लक्ष्य 25.54 मीट्रिक टन रखा गया है; और

(ग) यदि हां, तो यह लक्ष्य पिछले वर्ष की अपेक्षा कितना कम है और इस वर्ष कच्चे तेल के आयात में कितनी वृद्धि का अनुमान है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) हाल ही में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के साथ हस्ताक्षरित वर्ष 1992-93 के समझौता ज्ञापन में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के लिए 25.54 मिलियन टन के क्रूड उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था । यह तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के पिछले वर्ष के लक्ष्य से 3.45 मिलियन टन कम है । वर्ष 1992-93 में क्रूड का आयात पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.7 मिलियन टन अधिक का अनुमान है ।

मध्य प्रदेश में तेलशोधक कारखाने की स्थापना

81. **श्री लक्खीराम अग्रवाल :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि० ने मध्य प्रदेश में तेल शोधक कारखाने की स्थापना के संबंध में व्यावहार्यता रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार उक्त कारखाने की स्थापना कब तक करने का विचार रखती है;